राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान का इन्क्यूबेशन कार्यक्रम सम्पन्न

जयपुर| आरकेवीवाई रफ़्तार स्कीम के तहत राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान (एनआईएएम) में चल रहा ऑनलाइन इन्क्यूबेशन कार्यक्रम शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। एनआईएएम एग्री बिजनेस इनक्यूबेटर (नाबी) ने पिछले सत्र में 40 एग्री स्टार्टअप्स को मंत्रालय से 4.5 करोड़ रुपए का अनुदान दिलवाया था। टीम नाबी ने इस सत्र के 2 बैच एग्री-प्रेन्योरशिप ऑरिएंटेशन प्रोग्राम-3 और स्टार्टअप एग्री-बिजनेस इन्क्यूबेशन प्रोग्राम-3 का विदाई समारोह ऑनलाइन आयोजित किया। विदाई समोराह में मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं एनआईएएम के महानिदेशक पी.के. स्वैन, निदेशक व चेयरमैन डॉ. रमेश मित्तल, आईसीआईसीआई बैंक के वरिष्ठ महाप्रबंधक और व्यापार प्रमुख अविजित सहा, ओमनीवोर के सहभागी सुभदीप सान्याल, विल्ग्रो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीनिवास रामानुजम, आरकेवीवाई के कार्यकारी अधिकारी मनोज अग्रवाल के अलावा एनआईएएम कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित थे।